RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 28 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 66 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 'हम संभाल लेंगे महाराष्ट्र, आप देखें अपना राज्य'

## एकनाथ शिंदे ने KCR को लगाई फटकार





**ठाणेः** तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव महाराष्ट्र दौरे पर हैं. सौलापुर के बाद आज (27 जून, मंगलवार) वे पंढरपुर में भगवान विट्ठल-रुक्मिणी के मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे. इसके बाद उन्होंने सरकोली में एक रैली को संबोधित किया. इस मौके पर एनसीपी नेता भगीरथ भालके अपने कार्यकताओं के साथ उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति में शामिल हुए. अपने भाषण में केसीआर ने महाराष्ट्र कि किसानों, बिजली, पानी के सवाल उठाते हुए सारी पिछली और वर्तमान सरकार को नाकारा बताया और 'अबकी बार, किसान सरकार का नारा दिया.' महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने उन्हें करारा जवाब दिया. सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि, लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है. लेकिन वोट देने का अधिकार जनता के पास है. भगवान पांडुरंग का दर्शन करने वो आए, इसलिए इस पर ज्यादा बोलना ठीक नहीं है. ठीक है, दर्शन किया अब रवाना हो गए. जाकर वे अपनी पार्टी को संभालने में अपना ध्यान लगाएं. दिल्ली में उनकी पार्टी में फूट हुई ना? वे अपनी पार्टी संभालें. अपना राज्य संभालें. महाराष्ट्र संभालने में हम समर्थ हैं. पिछले ग्यारह महीने में हमने जनता की सुविधाओं को खयाल रखा है. समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए काम किया है. इसलिए हमें किसी के आने-जाने की खास चिंता नहीं है.

**'घर बुलाकर खाना खिला रहे थे अब बीजेपी की बी टीम बता रहे, उद्धव यह दोहरा चरित्र दिखा रहे'**

ठाकरे गुट की ओर से केसीआर की पार्टी बीआरएस को बीजेपी का बी टीम बताया जा रहा है. इस पर सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह ठाकरे गुट के दोहरे चरित्र की मिसाल है. कुछ दिनों पहले उद्धव ठाकरे ने अपने घर पर केसीआर का स्वागत किया था, उन्हें खाने पर बुलाया था. अब वे केसीआर को बीजेपी की बी टीम बता रहे हैं. केसीआर आएं या कोई आए, महाराष्ट्र की जनता समझदार है. वह काम करने वाली सरकार के पीछे खड़ी है.

**'बीजेपी मुझे कांग्रेस की ए टीम बताती है, कांग्रेस मुझे बीजेपी की बी टीम बताती है. हम किसानों के'**

इससे पहले केसीआर ने अपने भाषण में कहा कि, बीजेपी हमें कांग्रेस की एक टीम बताती है. कांग्रेस हमें बीजेपी की बी टीम बताती है. लेकिन हमारी टीम इनमें से किसी की नहीं है. हमारी टीम किसानों की है, पिछड़ों की है, दलितों की है, अल्पसंख्यकों की है. अब तक यहां किसी ने कुछ नहीं किया, हम कुछ करने आए हैं.

# उद्धव और राऊत को समन

## 14 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश

**मुंबई :** शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे और सांसद संजय राऊत को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने समन भेजा है। शिवसेना सांसद राहुल शेवाले की ओर से दायर मानहानि मामले में कोर्ट ने उद्धव ठाकरे और संजय राऊत को समन जारी किया है। ये समन बॉम्बे मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जारी किया है। दोनों को 14 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। दरअसल सामना में छपे एक लेख में राहुल शेवाले को आपत्ति थी। लेख में शेवाले के पाकिस्तान में रियल स्टेट साईट होने की बात कही गई थी।



**उद्धव ठाकरे और संजय राउत की मुश्किलें बढ़ जाएगी**

अब कोर्ट के इस बाबत समन दिए जाने के बाद उद्धव ठाकरे और संजय राउत की मुश्किलें बढ़ जाएगी। शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने आरोप लगाया था कि सामना अखबार में उनके बारे में अपमान जनक लेख छापा था. जिसको लेकर राहुल शेवाले ने उद्धव ठाकरे और संजय राउत के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। इस मामले में उद्धव ठाकरे और संजय राउत को बॉम्बे मजिस्ट्रेट कोर्ट ने समन भेजा है। उन्हें 14 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। तो अब उद्धव ठाकरे और संजय राऊत की परेशानी बढ़ने की आशंका है।

**कोर्ट में क्या हुआ ?**

मजिस्ट्रेट अदालत ने ट्रॉम्बे पुलिस को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 202 के तहत मामले की जांच करने का निर्देश दिया। पुलिस ने शेवाले को बुलाया और उनका बयान दर्ज किया। शेवाले ने सामना में छपे मूल लेख को सबूत के तौर पर पेश किया। अदालती कार्यवाही के दौरान यह दलील दी गई कि शेवाले ने अपना जीवन शिवसेना को समर्पित कर दिया है। लेकिन एक सांसद के रूप में उन्हें झूठे रियल एस्टेट दावों के कारण गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़े हैं। अगर आप कहते हैं कि उनका पाकिस्तान में रियल एस्टेट कारोबार है। तो इसका मतलब है कि उनके उस देश के साथ अच्छे संबंध हैं। अदालत में दलील दी गई कि यह बेहद अपमानजनक है। इससे उनकी देश के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही पर भी सवाल खड़ा होता है।

## एक करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, विदेशी नागरिक गिरफ्तार



**मुंबई :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने कहा कि उसने मुंबई में एक करोड़ रुपये मूल्य का 996 ग्राम मादक पदार्थ 'एमडीएमए' जब्त करके एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया। एक अधिकारी ने बताया कि जांच से पता चला कि विदेशी डाकघर (एफपीओ) में जब्त किया गया मादक पदार्थ दिल्ली, मुंबई, गोवा और अन्य प्रमुख शहरों में वितरित किया जाना था। उन्होंने बताया कि एनसीबी की मुंबई जोनल इकाई को मादक पदार्थ की खरीद में शामिल एक अफ्रीकी तस्करी गिरोह के बारे में जानकारी मिली थी।

## फिर उद्धव ठाकरे की शिवसेना को एक बड़े नेता कहेंगे 'जय महाराष्ट्र!' शिंदे गुट का दावा

**मुंबई :** उद्धव ठाकरे को फिर एक बड़ा झटका लगने जा रहा है. उनकी शिवसेना को छोड़कर एक बड़े नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ सीएम एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल होने वाले हैं. यह दावा करते हुए शिंदे गुट के नेता और प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने एक ट्वीट किया है. मुंबई और ठाणे समेत 14 महापालिकाओं के चुनाव होने वाले हैं. ऐसे समय में एक बार फिर ठाकरे गुट से बड़ी आउटगोइंग की खबरें सामने आ रही हैं. इससे राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा हो गई है. बता दें कि ठाकरे गुट की सहयोगी पार्टी शरद पवार की एनसीपी से पंढरपुर मंगलवाढ के एक बड़े नेता भगीरथ भालके तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति में शामिल हो गए. कुछ दिनों पहले ठाकरे गुट की विधायक मनीषा कायंदे भी कुछ पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ शिंदे गुट में शामिल हुईं. अब नरेश म्हस्के की ट्वीट के बाद लोगों में यह जानने की उत्सुकता है कि आज कौन से नेता ठाकरे गुट को छोड़ कर शिंदे गुट में शामिल होने जा रहे हैं?



ठाकरे गुट छोड़ कर शिंदे गुट में शामिल होने वाले नेता कौन, यह राज अभी तक फाश नहीं हो सका है. शिंदे गुट के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने नाम जाहिर नहीं किया, लेकिन अपने ट्वीट में उन्होंने यह लिखा है कि सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में वे शिंदे गुट में शामिल हो रहे हैं.

**शिंदे गुट के नेता नरेश म्हस्के ने अपने ट्वीट में दावा करते हुए यह कहा-**

नरेश म्हस्के ने अपने ट्वीट में लिखा है कि, आज उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के एक और मोहरा कम होने वाला है. वे असली शिवसेना में आने वाले हैं, सही विचारों पर अपनी निष्ठा जताने वाले हैं. वहां अब सही कार्यकर्ते नहीं रह सकते हैं. कोई कुछ भी कह ले, अब उस खेमे में श्मशान सी शांति पसरने वाली है. अब उनका सूपड़ा साफ होने वाला है. उठो,

## MLA के थप्पड़ कांड की राजनीति पर पूर्णविराम

### पिटे अभियंता ने शिकायत ली वापस



**भायंदर :** मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक गीता जैन द्वारा मनपा में ठेका पद्धति पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता शुभम पाटील को मारे गए थप्पड़ कांड की राजनीति पर पूर्णविराम लग गया है। पिटे अभियंता पाटील ने काशीमीरा पुलिस को दिए लिखित शिकायत को पुनः लिखित में वापस ले लिया है। बता दें कि बरसात के मौसम में अवैध निमार्णों अथवा झोपड़े पर तोडू कारवाई करने की मनाही का सरकारी निर्णय (जी आर) होने के बावजूद बिना कोई नोटिस दिए तोड़ने के मामले में विधायक जैन ने 20 जून को मनपा के कनिष्ठ अभियंता पाटील को आवेश में थप्पड़ जड़ दिया था। जिसकी लिखित शिकायत अभियंता शुभम पाटील और संजय सोनी ने 21 जून को काशीमीरा पुलिस थाने में की थी। इस थप्पड़ कांड की वीडियो बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। साथ ही इस पर शहर की राजनीति भी गरमा गई थी। जैन के राजनीतिक विरोधी पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने इस थप्पड़ कांड पर आक्रामक रुख अख्तियार कर सोमवार 26 जून को पत्रकार परिषद बुलाई थी, और विधायक जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। थप्पड़ कांड के 6 दिन बाद भी जैन के खिलाफ एफआरआई दर्ज नही किए जाने पर मेहता ने मनपा आयुक्त प्रशासक दिलीप ढोले पर कई गंभीर आरोप लगाए थे।

## मंदिर से दानपेटी ले उड़े चोर



**वसई।** वसंई तालुका में एक बार फिर चोरो का आतंक बढ़ता दिखाई दे रहा है,जिससे तालुका के नागरिक डर व भयभीत दिखाई दे रहे है। चोर शहर के मोबाइल,दुकानों व घरों से चोरी व मंदिरों के अंदर रखे दानपेटी व अन्य सामग्री चोरी होने की घटनाएं हो रही है। इसी क्रम में नालासोपारा पश्चिम यशवंत गौरव कांप्लेक्स स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को 25 जून की रात सवा बारह बजे चोर दानपेटी ले उड़े,यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी। फुटेज में देखा गया कि युवक ने पहले आस पास देखकर यह सुनिश्चित किया कि कोई देखे ना उसके पश्चात दानपेटी की वेल्डिंग तोड़कर दानपेटी लेकर रफूचक्कर हो गए। वही नागरिकों का कहना है कि यशवंत गौरव परिसर में चरसी - गरदुल्लो की भरमार होती जा रही है, जिससे आए दिन चोरी की घटनाओं का इजाफा हुआ है।




## संपादकीय / लेख



# उन्नत तकनीक के इस्तेमाल

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

बंगाल के बांकुड़ा जिले में एक मालगाड़ी ने दूसरी मालगाड़ी को जिस तरह टक्कर मारी, वह इसलिए गंभीर मामला है, क्योंकि इसी तरह ओडिशा के बालेश्वर में भीषण हादसा हुआ था, जिसमें करीब तीन सौ यात्री मारे गए थे। यह ठीक है कि बांकुड़ा जिले की दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह सामान्य बात नहीं कि 25 दिनों के अंदर उसी तरह दो ट्रेनें टकरा गईं, जैसे बालेश्वर में टकराई थीं और जिन्होंने ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। यह गनीमत रही कि बांकुड़ा में दो मालगाड़ियां टकराईं। यदि इनमें से कोई यात्री ट्रेन होती तो अनर्थ हो सकता था, क्योंकि टक्कर बहुत भीषण थी। इस टक्कर में एक मालगाड़ी का इंजन दूसरी पर चढ़ गया और कई डिब्बे पलट गए। इस दुर्घटना के कारण कुछ घंटों के लिए ट्रेनों का परिचालन रोकना पड़ा और कई यात्री ट्रेनों को रद करना पड़ा या फिर उनका मार्ग बदलना पड़ा। इससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई। यह सहज समझा जा सकता है कि इस दुर्घटना से लोगों के मन में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को लेकर सवाल उठे होंगे। बांकुड़ा की दुर्घटना के बारे में यह बताया जा रहा है कि एक मालगाड़ी का ड्राइवर संभवतः इसलिए सिग्नल नहीं देख पाया, क्योंकि उसे नींद आ गई थी। वस्तुस्थिति जो भी हो और दुर्घटना का कारण चाहे तकनीकी खामी हो या फिर मानवीय लापरवाही, उसकी तह तक जाना चाहिए।

उन कारणों का प्राथमिकता के आधार पर निवारण होना ही चाहिए, जिनके चलते रह-रह कर ट्रेन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आम तौर पर छोटी-मोटी ट्रेन दुर्घटनाएं, जिनमें जनहानि नहीं होती, चर्चा और चिंता का कारण नहीं बन पातीं, लेकिन अब समय आ गया है कि प्रत्येक छोटी से छोटी दुर्घटना को गंभीरता से लिया जाए। इससे ही ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित किया जा सकता है। यह सही है कि पिछले कुछ समय में ट्रेन दुर्घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन यह शुभ संकेत नहीं कि एक जैसे कारणों से बार-बार हादसे होते रहते हैं। ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग बढ़ाने के साथ मानवीय भूल की गुंजाइश को कम करना होगा।

ध्यान रहे कई बार मानवीय भूल सतर्कता के अभाव का परिणाम होती है। ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिस कवच प्रणाली को प्रभावी माना जा रहा है, वह अभी समूचे रेल नेटवर्क के केवल दो प्रतिशत हिस्से में ही लागू हो सकी है। साफ है कि उसका दायरा तेजी से बढ़ाना होगा। इसके साथ ही ट्रेन हादसों को रोकने के अन्य उपाय भी करने होंगे, क्योंकि कवच प्रणाली हर तरह की दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक नहीं। ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के मामले में हमें जापान सरीखे देशों से भी सीख लेने के लिए तत्पर रहना चाहिए, जहां ट्रेन हादसे न के बराबर होते हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ‘पहली बारिश में वस्त्रहरण’

## सामना में शिंदे-फडणवीस सरकार पर हमला, कहा- इसी पानी में डुबो देंगे वोटर

**मुंबई** :मानसून की पहली बारिश के साथ ही मुंबई पानी-पानी हो गई. शहर में लोगों को अलग-अलग जगहों पर जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ा. इसे लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सामना संपादकीय के जरिए शिंदे-फडणवीस सरकार पर हमला बोला है. संपादकीय में लिखा है कि पहली ही बारिश में शिंदे-फडणवीस सरकार के दावे पानी में बह गए. कहा कि 70 मिमी बारिश ने कलई खोल दी, सरकार को शर्म आनी चाहिए. सामना में लिखा है कि बारिश के आने से किसान तो राहत में हैं लेकिन मुंबई के लोग दहशत में हैं. शनिवार (24 जून) की पहली बारिश ने मुंबई की चूलें हिला दीं. शिंदे-फडणवीस सरकार ने जोर-शोर से इस बात का दावा किया था कि इस बार जलजमाव नहीं होगा और मुंबईकरों को



परेशानी नहीं होगी लेकिन ये वादे फेंकूगीरी साबित हुए यह शनिवार को दिखाई दिया. मुंबई के लोगों के मन में सवाल है कि 70 मिमी बारिश से मुंबई का यह हाल हुआ है तो अगले दो-तीन महीनों में हमारी कैसी दुर्दशा होगी?

**सीएम एकनाथ शिंदे को घेरा**

इसमें आरोप लगाया गया है कि सरकार मुंबई के लोगों को आश्वस्त करने के बजाय उनसे ही सवाल कर रही है. संपादकीय में लिखा है कि मुख्यमंत्री ने जलजमाव से परेशान जनता को सलाह दी है कि 'शिकायत किस बात की, बारिश का स्वागत करो', ये जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है. शिंदे-फडणवीस सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर लोगों को 24 घंटे में 1200 शिकायतें क्यों दर्ज करानी पड़ीं. 70 मिलीमीटर बारिश से प्रशासन की कलई खुल गई, इस बात को लेकर सरकार को शर्म आनी चाहिए. लेकिन इसकी बजाय लोगों से यह कहना कि 'बारिश का स्वागत करो, शिकायत मत करो', यह तो 'चोरी और ऊपर से सीनाजोरी' वाली ही बात हो गई. इसमें आगे कहा गया है कि पहली ही बारिश में आपके दावों का 'वस्त्रहरण', यह आपका ही पाप है. आनेवाले समय में इस समस्या का समाधान क्या होगा और मुंबईवासियों को कम से कम परेशानी कैसे हो, इस पर विचार कीजिए, केवल निरीक्षण दौरों से कुछ भी हासिल नहीं होगा. वह आपकी बारात के पीछे नाचनेवाली घोड़ी की तरह है. निरीक्षण दौरे से आपको तो काफी संतुष्टि मिलेगी, लेकिन जनता को कोई राहत नहीं मिलेगी. संपादकीय में लिखा गया है कि लोगों को हुई परेशानियों को दूर करने की बजाय, 'बारिश का स्वागत करें, आप शिकायत क्या करते हैं?' ऐसा ओछा सवाल जनता से पूछनेवाले शासक मुंबईकरों की गर्दन पर बैठे हैं, लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि इस उद्दंडता के लिए मुंबई के मतदाता कल बारिश के इसी भरे हुए पानी में डुबो देंगे!

## मैनहोल खोलते कोई नागरिक मिला तो दर्ज होगा मामला...

# मनपा ने दी चेतावनी



**मुंबई** : बॉम्बे हाई कोर्ट से फटकार मिलने के बाद मनपा प्रशासन शहर में खुले मैनहोल के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है। मनपा प्रशासन ने घोषणा की है कि मनपा कर्मचारी के अलावा कोई भी व्यक्ति मैनहोल का ढक्कन खोलता हुआ पाया गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। मनपा प्रशासन ने एक नंबर भी जारी किया है जिस पर नागरिक खुला मैनहोल मिलने पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मानसून के दौरान हर साल गटर या मैनहोल खुले होने पर लोगो के गिरने की घटनाएं सामने आती हैं. मुंबई में लगभग एक लाख मैनहोल हैं और उनका रखरखाव मंडप के सीवरेज विभाग द्वारा किया गया जाता है। आज की तारीख में मुंबई के सिर्फ पांच हजार मैनहोल में ही लोहे के जाली लगाए गए हैं.इस मुद्दे को लेकर मुंबई हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि अगर इस साल कोई भी मैनहोल में गिरता है तो इसकी जिम्मेदारी मनपा पर होगी। मनपा की मुख्य चिंता और सिरदर्द है मैनहोल की चोरी होने की। असामाजिक तत्व रात में मैनहोल चुराकर बेच देते हैं। इसके अलावा, मानसून के दौरान नागरिक खुद ही जमा हुए बारिश के पानी को तेजी से निकालने के लिए मैनहोल खोल देते हैं। ऐसे में संभावना है कि लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं।

# सपा विधायक अबू आजमी को फिर मिली जान से मारने की धमकी, FIR दर्ज



**मुंबई** : महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, यहां मुंबई में सपा विधायक अबू आजमी को जान से मारने की धमकी मिली है। इस बाबत उन्होंने मुंबई के कोलाबा पुलिस को जानकारी दी है। उनके अनुसार उन्हें बीते 3 दिनों से लगातार फोन और वाट्सऐप पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। मामले पर मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि, समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी द्वारा व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराने के बाद मुंबई की कोलाबा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ FIR दर्ज की है। वहीं इस बाबत अबू आजमी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फणसलकर और मुंबई पुलिस से भी अपील की है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द कार्रवाई करवाने का थोडा कष्ट करें। जानकारी दें कि, बीते जनवरी के महीने में भी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख अबू आसिम आजमी को औरंगजेब के समर्थन वाले बयान पर जान से मारने की धमकी मिली थी। तब इस मामले में भी उन्होंने बीते मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।




# मुंबई में अब एक साथ होगा मेट्रो-5 के फेज-2 का काम

## अब एक साथ होगा मेट्रो पांच के फेज-दो का काम



**मुंबई** : मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मेट्रो-5 कॉरिडोर के दूसरे फेज के निर्माण की योजना में बदलाव कर दिया है। दूसरे फेज का निर्माण अब दो चरणों के बजाय एक साथ किया जाएगा। एमएमआरडीए ने पहले कॉरिडोर के अंडरग्राउंड मार्ग और एलिवेटेड मार्ग का निर्माण अलग-अलग करने की योजना बनाई थी। लेकिन कुछ दिन पहले सरकार की तरफ से अंडरग्राउंड मार्ग को हरी झंडी मिलने के बाद प्राधिकरण ने योजना में बदलाव कर दिया है। एमएमआरडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के लिए अंडरग्राउंड मार्ग और एलिवेटेड मार्ग तैयार करने के लिए अलग-अलग टेंडर के बजाय एक टेंडर जारी किया जाएगा। इस से समय की बचत के साथ ही तेजी से काम कर पाना संभव होगा।

स्थानीय लोगों के विरोध के चलते पिछले चार साल से भिवंडी से कल्याण के बीच मेट्रो मार्ग तैयार करने का काम रुका हुआ था। विरोध के चलते विवादित मार्ग को छोड़ एमएमआरडीए ने बचे हुए मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू करने का फैसला लिया था। ठाणे-भिवंडी-कल्याण के बीच मेट्रो-5 कॉरिडोर तैयार हो रहा है। ठाणे से भिवंडी के बीच 70 फीसदी तक मेट्रो मार्ग तैयार हो चुका है, जबकि भिवंडी से कल्याण के बीच अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। लोगों के विरोध को ध्यान में रखते हुए एमएमआरडीए ने पूरे 24.9 किमी लंबे एलिवेटेड मार्ग में से करीब 3 किमी मार्ग का निर्माण अंडरग्राउंड करने का फैसला लिया था।

# बीएमसी अधिकारी से मारपीट मामले में मुंबई पुलिस की कार्रवाई...

## उद्धव गुट के पूर्व मंत्री सहित 15 के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई** : मुंबई में बीएमसी अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है।

**पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ मामला किया दर्ज**

मुंबई पुलिस ने बताया कि वकोला पुलिस ने बीएमसी अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में उद्धव ठाकरे गुट के नेता और पूर्व मंत्री अनिल परब सहित 15 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



मुंबई पुलिस ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि बीएमसी अधिकारी पर हमला करने के आरोप में जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी पहचान सदा परब, हाजी अलीम, उदय दलवी और संतोष कदम के रूप में की गई है।

# मनपा का असिस्टेंट इंजीनियर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



**मुंबई** : भ्रष्टाचार निरोधी ब्यूरो (एसीबी) मनपा के एफ दक्षिण विभाग में कार्यरत असिस्टेंट इंजीनियर को होटल में हुए अवैध काम को न तोड़ने के लिए पैसे लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने आरोपी को रंगेहाथ दो लाख रुपये लेते पकड़ा है। आरोपी ने 3 लाख 75 हजार रुपयों की मांग की थी। लेकिन बातचीत के बाद दो लाख में बात बनी और फिर जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी सरकारी अधिकारी का नाम मच्छीन्द्र नामदेव टांडले (50) है। शिकायतकर्ता का शिवड़ी इलाके में एक होटल है। इस होटल में उसने महला डालकर एक महल बनाया है। आरोपी को होटल में बनाये गए अवैध महले की शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर नोटिस न देने और कार्रवाई न करने के लिए आरोपी ने 3 लाख 75 हजार रुपयों की मांग की थी। लेकिन बातचीत के बाद आरोपी अधिकारी दो लाख रुपये लेने के लिए तैयार हो गया था।

# कोविड केंद्र 'घोटाला' : ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) पदाधिकारी सूरज चव्हाण से आठ घंटे तक पूछताछ की



**मुंबई** : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण से कथित कोविड केंद्र घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चव्हाण दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दक्षिण मुंबई स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे और रात करीब नौ बजे बाहर निकले।

संघीय एजेंसी ने व्यवसायी सुजीत पाटकर के खिलाफ कथित कोविड केंद्र घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में 21 जून को मुंबई में 15 स्थानों पर छापे मारे थे। इसके बाद ईडी ने चव्हाण को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। पाटकर को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत का करीबी माना जाता है।

# यात्री ने एयर इंडिया की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट में किया शौच और पेशाब...

## हवाई अड्डे पर किया गया गिरफ्तार

**मुंबई** : एयर इंडिया की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट से यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को यहां हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि उसने कथित तौर पर विमान में शौच और पेशाब कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुलिस में फ्लाइट कैप्टन की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, 24 जून को मुंबई से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआईसी-866 हवा में थी, जहां सीट नंबर-17एफ पर एक यात्री ने विमान की पंक्ति 9 डीईएफ पर शौच किया, पेशाब किया। प्राथमिकी में आगे कहा गया है कि यह दुर्व्यवहार




केबिन क्रू द्वारा देखा गया था और बाद में उड़ान के केबिन पर्यवेक्षक द्वारा मौखिक चेतावनी जारी की गई थी। इसके बाद फ्लाइट कैप्टन को भी दुर्व्यवहार की सूचना दी गई। इसके अलावा, कंपनी को तुरंत एक संदेश भेजा गया था और हवाई अड्डे की सुरक्षा से यात्री के आगमन पर पकड़ने का अनुरोध किया गया था। शिकायत के अनुसार, साथी यात्री इस दुर्व्यवहार से नाराज और आक्रोशित थे और जैसे ही विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा, एयर इंडिया के सुरक्षा प्रमुख ने आरोपी यात्री को देखा और आईजीआई हवाई अड्डा पुलिस स्टेशन ले गए। आरोपी यात्री अफ्रीका में काम करने वाला रसोइया है। वह 24 जून को एयर इंडिया की उड़ान एआईसी 866 से मुंबई आ रहा था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'फ्लाइट कैप्टन की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने आईजीआई पुलिस स्टेशन में धारा 294/510 के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया है। हमने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई। आगे की जांच जारी है।'

# मुंबई यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में निदेशक पद पर स्थाई अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की मांग

**मुंबई** : छात्रों के भविष्य को उज्वल बनाने का जिम्मा मुंबई यूनिवर्सिटी के कंधे पर है, लेकिन वह कंधा कमजोर नजर आ रहा है। मुंबई यूनिवर्सिटी में परीक्षा विभाग में निदेशक पद पर स्थाई अधिकारी न होने से यहां का कामकाज रामभरोसे ही चलता नजर आ रहा है। ऐसे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) व युवासेना ने मुंबई यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में निदेशक पद पर स्थाई अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की मांग कुलपति डॉ. रवींद्र कुलकर्णी से की है।

मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक विलास पोतनीस के नेतृत्व में युवासेना के पूर्व सीनेट सदस्यों ने हाल ही में यूनिवर्सिटी



और छात्रों की विभिन्न समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग करने के लिए कुलपति से मुलाकात की। मुंबई यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में कोई पूर्णकालिक अधिकारी नहीं है। इसलिए विभाग में कामकाज पूरी तरह से बिगड़ गया है। परीक्षा और परिणाम में कई कठिनाइयां आ रही हैं। इतना ही नहीं परीक्षा यदि समय पर हो भी जाती है, तब भी परिणाम समय पर नहीं आता है। इससे बढ़कर यानी छात्रों को रिजल्ट में फेल किया जा रहा है। ऐसे विभिन्न मुद्दों पर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक, सीनेट सदस्य विलास पोतनीस के नेतृत्व में युवासेना के पूर्व सीनेट सदस्य प्रदीप सावंत, राजन कोलंबकर, शशिकांत झोरे, मिलिंद साटम, डॉ. धनराज कोहचाडे ने कुलपति डॉ. रवींद्र कुलकर्णी से मुलाकात की। इस दौरान मांग की गई कि छात्रों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि राजभवन से विशेषज्ञ कमेटी नियुक्त होने के बाद परीक्षा विभाग में पूर्णकालिक पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।



# मुंबई/ घाटकोपर में इमारत गिरने की लगातार दुसरे दिन दूसरी घटना

■ गोरेगांव में सिलेंडर ब्लास्ट से आग, दोनों घटनाओं में 6 लोग घायल
■ 21 घंटे बाद मलबे में दबे माँ बेटे को निकाला गया, दोनों की गई चली गई थी जान

**मुंबई** : शनिवार से मुंबई में आये प्री मानसून के बाद दुर्घटनाओं का दौर शुरू हो गया है। रविवार की दो दुर्घटना के बाद सोमवार को भी घाटकोपर में इमारत का हिस्सा गिरने की घटना घटी जबकि गोरेगाव में गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने से एक की मौत हो गई जबकि घाटकोपर की घटना में चार लोग जख्मी हुए है। चारों घायलों का राजवाड़ी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम को मानसून पूर्व बारिश हुई जिससे मुंबई के कई इलाको में पानी भरने की घटना घटी। इस बीच रविवार को दुर्घटना होने का दौर शुरू हुआ ।सोमवार को घाटकोपर पूर्व रमाबाई चाल में



सुबह 8.30 बजे ग्राउंड प्लस एक मंजिला घर गिर गया. इस घटना में चार लोग घायल हो गए हैं. घायलों में महादेव खिलारे (50) सुनीता खिलारे (42) रोहित खिलारे (23) और वैभव खिलारे (20) हैं. घायलों को मलबे से निकाल कर राजावाडी अस्पताल में भर्ती किया गया है. अस्पताल के आरएमओ ने सभी की हालत स्थिर होने की जानकारी दी है.

**गोरेगांव में एक की मौत**

गोरेगांव में गैस सिलेंडर में रिसाव होने से एक घर में आग लग गई. आग लगने से घर में रखा सिलेंडर और स्टोव में ब्लास्ट हो गया. मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने व्यक्ति को वहां से निकाल कर एचबीटी ट्रामा सेंटर ले गए. वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान हरीश चव्हाण (55) के रुप में हुई है.गोरेगांव के श्री गणेश रहिवासी सेवा संघ अंकुर टॉवर के पास दुर्घटना घटी।

मानसून शुरू होते ही मुंबई में एक के बाद एक हादसे सामने आ रहे हैं. तीन दिनों में 7 लोगों की हादसों के कारण मौत हो चुकी है. मानसून में सबसे ज्यादा जर्जर इमारतों के गिरने और भूस्खलन का खतरा बना रहता है. अब इमारत गिरने के तीन हादसे हो चुके हैं. जिसमें चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी. सीवर लाइन साफ करते दो की मौत हुई थी जबकि आज आग से एक व्यक्ति की जान चली गई. सोमवार को मुंबई के शहरी इलाको में बारिश पूरी तरह नदारद रही जबकि पूर्व और पश्चिम उपनगर में मामूली बारिश हुई जबकि मौसम विभाग ने सोमवार को अच्छी बारिश होने की जानकारी दी थी।

# प्री मानसून की बारिश में ही मुंबई की सड़को पर बनने लगे गड्ढे

## मनपा की वेबसाईट पर आई 102 शिकायते

**मुंबई** : मनपा प्रशासन ने मानसून पूर्व सड़को की मरम्मत को लेकर करोड़ों रुपया खर्च किया है। मनपा प्रशासन ने इस साल सड़क पर बनने वाले गढ्ढों को भरने के लिए कई नई तकनीकी लाई है।इसी तरह सड़को पर बनने वाले गढ्ढों की शिकायत करने के लिए लोगो को अधिक सुविधा उपलब्ध कराते हुए मुंबई के 227 प्रभागो के इंजिनियरो का व्हाटशॉप नंबर जारी किया है ।इसी तरह माई बीएमसी पाठहोलफिक्सईट नामक वेबसाइट भी उपलब्ध कराई है। शनिवार को शुरू हुई प्री मानसून में मुंबई की सड़को पर गढ्ढे पड़ने लगे है ।जिसकी शिकायत लोगो ने की है ।सोमवार तक मनपा की वेबसाइट पर 102 शिकायत आ



चुकी है। शनिवार को मुंबई में प्री मानसून की शुरूआत हुई ।मौसम विभाग ने सोमवार से बारिश शुरू होने की जानकारी दी थी। प्री मानसून बारिश में ही मुंबई की सड़को पर गढ्ढे पड़ने लगे है ।प्री मानसून शनिवार को हुई शुरूआत के बाद सोमवार तक वेबसाइट पर 102 शिकायत सड़को पर बने होने की आई। मनपा के सड़क विभाग के अधिकारियो ने चौबीस घंटे के भीतर शिकायत आई गढ्ढों में 51 गढ्ढों को भरने के लिए प्लान किया गया।

# सांसद नवनीत राणा की ओवैसी को चेतावनी

## अपने मयार्दा में रहकर बोले ओवैसी – नवनीत राणा



**मुंबई।** अपने बयान को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाली अमरावती लोकसभा से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने एमआईएमएम के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी को अपने मयार्दा में रहने की धमकी दी है.मामला बुलढाणा में आयोजित सभा में औरंगजेब के समर्थन में लगे नारेबाजी का है.ओवैसी के उपस्थिति में एमआईएम के की सभा आयोजित की गई थी इस बैठक में औरंगजेब के समर्थन में कुछ कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की ।जिसका वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष ने ओवैसी पर जमकर हमला बोला है. इस पर कई राजनीतिक नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है और औरंगजेब के नाम पर हुई नारेबाजी की निंदा की है.जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने सफाई देते हुए कहा कि सभा में औरंगजेब के नाम पर कोई नारे बजी नहीं हुई . उन्होंने कहा कि मीडिया झूठी खबरें फैला रही हैं और मुसलमानों से नफरत की जा रही है. ओवैसी की सफाई के बाद भी विवाद थम नहीं रहा है. इस बीच निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने औवेसी को सीधी चेतावनी दी है. मीडिया से बातचीत करते हुए नवनीत राणा ने कहा कि ओवैसी को यह मालूम होना चाहिए कि राज्य में उद्धव ठाकरे की सरकार नहीं है. इसलिए उन्हें जरा संभलकर और अपने मयार्दा में रहकर बोलना चाहिए.

# गाड़ियों में इनवेस्ट कर, लाखों का फायदा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी...




**मुंबई** : महंगी गाड़ियों में पैसे इन्वेस्ट करने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज किया है। कंपनी को पैसे देने के नाम पर आरोपी ने अकाउंट में पैसे मंगाए। जब कई दिनों तक शिकायतकर्ता को गाड़ी के बारे में कुछ नहीं बताया गया तब उन्होंने खोजबीन शुरू की और पता चला कि गाड़ी किसी और के पास है। जिसके बाद आरोपी से पूछे जाने पर उसने बताया कि गाड़ी बोरीवली में है, जबकि वह गाड़ी महाराष्ट्र के बाहर थी। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी करने को लेकर एफआईआर दर्ज की है, जिसकी जांच जारी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता प्रेम प्रकाश भट्ट का सांताक्रुज इलाके में व्यवसाय चलता है।उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि अभिलाष प्रेमदास, कार्स 24 का अधिकृत डीलर है। उसने शिकायतकर्ता को कहा कि अगर वह कार्स 24 से बिकने वाली गाड़ियों में इन्वेस्ट करता है तो उसका फायदा आने पर भट्ट को भी उसका शेयर दिया जाएगा।पैसे बताए गए अकाउंट में भेजे गए लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। भट्ट ने पता किया तब पता चला कि वह गाड़ी किसी और के पास ही है।जिसके बाद उन्हें पता चल गया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसीके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज करवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**इंवेसमेन्ट के नाम पर लिए पैसे**

पुलिस में दी गई शिकायत के मुताबिक आरोपी ने शिकायतकर्ता को कहा कि उसे कर मेम पैसे इन्वेस्ट करने पर ज्यादा फायदा मिलेगा। इसी लालच में आकर शिकायतकर्ता ने बताए गए अकाउंट में मर्सडीज और इनोवा क्रिस्टा खरीदकर बेचने के लिए पैसे बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। लेकिन उन्हें देखने के लिए न तो गाड़ी मिली न ही उससे आनेवाला फ्रोफिट मिला। जिसके बाद वे पुलिस थाने में पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई।

**केरल में मिली खरीदी हुई कार**

एफआईआर के मुताबिक अभिलाष ने पहले मर्सडीज कार के लिए कार्स 24 के अकाउंट में अलग अलग करके 29 लाख 20 हजार मंगाए। इसके बाद इनोवा क्रिस्टा खरीदने के लिए क्रिस्टा के मालिक के अकाउंट में 13 लाख रुपये मंगाए। इसके बाद बीएमडब्यू सीरीज 3 खरीदने के लिए कार्स 24 के अकाउंट में 10 लाख रुपये मंगाए थे। लेकिन भट्ट को जब आशंका निर्माण हुई तब उन्होंने जानकारी निकाली की इनोवा क्रिस्टा कर कहाँ है।

# सात बच्चों की जान जोखिम में डालने वाला गिरफ्तार



**मुंबई** : ताड़देव पुलिस ने मोटरसायकिल पर सात लोगों की बैठकर मोटर सायकिल चलाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ताड़देव इलाके का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे एक यूजर ने ट्रैफिक पुलिस को ट्वीट किया था। जिसके बाद शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करलिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी को भी मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

20 जून को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। सोहेल कुरैशी नामक ट्विटर हैंडल यूजर्स ने मुंबई पुलिस को ट्वीटर पर एक वीडियो टैग किया था। जिसमें एक युवक सात बच्चों को लेकर बाइक चला रहा था। जिसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज किया गया।




## 48 घंटे चले मुंबई में छापेमारी, ड्रग्स के रैकेट को खत्म करने की मुहिम



**मुंबई :** मुंबई को ड्रग्स फ्री करने के लिए मुंबई के सभी पुलिस थानों में एक विशेष मुहिम शुरू की गई है। ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ चलाई गई इस मुहिम में 213 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई में 48 घंटे तक यह कार्रवाई चली है। सबसे अधिक 29 लाख 20 हजार रुपये की एमडी ड्रग्स साकीनाका इलाके से बरामद की गई है। जिसमें 4 ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार भी किया गया है। यह आरोपी स्कूल और कॉलेज के आसपस और सुनसान इलाके में लोगों को ड्रग्स बेचा करते थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सभी पुलिस थानों में स्थित स्कूल, महाविद्यालय, रेलवे स्टेशन, बाजार एकांत स्थल, धार्मिक स्थल, गार्डन आदि जगहों पर लगातार पुलिस की तरफ से छापेमारी की गई।

# ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार, एक्सरे, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए मरीजों को ४ से ६ महीने तक इंतजार



**मुंबई :** राज्य के सभी सरकारी अस्पताल बदहाल अवस्था में पहुंच गए हैं। आलम यह है कि प्रदेश के अस्पतालों से कोई न कोई लापरवाही के किस्से सामने आते ही रहते है। फिलहाल इस समय मुंबई मनपा के प्रमुख और उपनगरीय अस्पताल सबसे दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं। इससे जोगेश्वरी में विशेष हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे ट्रामा केयर अस्पताल भी अछूता नहीं है। इस अस्पताल में मरीजों के लिए बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। यहां साफ-सफाई का अभाव रहता है।

एक्सरे, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए मरीजों को ४ से ६ महीने तक इंतजार करना पड़ता हैं। ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगी रहती है। दवाओं की कमी तो इस अस्पताल में हमेशा बनी रहती है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि गंभीर अवस्था में कोई मरीज अस्पताल में आ जाता है तो उसे आईसीयू बेड नहीं मिलता है। ऐसे में मरीजों के परिजन कह रहे हैं कि ट्रामा अस्पताल लापरवाही से बदहाल है और अब इसे ही इलाज की दरकार है। ज्ञात हो कि मनपा ने साल २०१३ में १२५ करोड़ रुपए खर्च कर जोगेश्वरी में करीब ३०४ बेड का १४ मंजिला विशेष हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे ट्रामा केयर अस्पताल को अत्याधुनिक तरीके से बनाया था। सामान्य वॉर्डों के साथ ही सर्जिकल, मेडिकल और ट्रॉमा समेत तीन आईसीयू वॉर्ड भी हैं। तीनों आईसीयू में १० डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों का इलाज किया जाता है। इस अस्पताल को बनाने के पीछे प्रमुख अस्पतालों के बोझ को कम करना मुख्य उद्देश्य था, लेकिन अब बीते कुछ महीनों से यह अस्पताल खस्ताहाली से जूझ रहा है। मरीजों का कहना है कि दुर्घटनाओं के शिकार अथवा अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इस अस्पताल में इलाज संभव है। बावजूद उन्हें मनपा के दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। मरीजों का यह भी कहना है कि यहां से दुसरे अस्पतालों में रेफर तो कर दिया जाता है लेकिन रेफरल अस्पतालों में बेड का प्रबंधन पहले से नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में उनके परिजनों के लिए विभिन्न अस्पतालों में खाली बेड का पता लगाने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं।

# दूषित पानी और नालों की सफाई को लेकर 20 जुलाई को ठाणे में विरोध प्रदर्शन



**ठाणे :** ठाणे-कल्याण, डोंबिवली के बाद अब ठाणे-दिवा में भी घातियों के खिलाफ भाजपा का आंदोलन शुरू हो गया है। दूषित पानी और नालों की सफाई को लेकर दिवा में मिंधे गुट को 'घेरने' वाली भाजपा अब सीधे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित आवास पर हमला करने जा रही है। यह आरोप लगाते हुए कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अपने कुछ पिट्ठुओं का पेट भरने के लिए अवैध निर्माणों पर हथौड़ा नहीं चलाया जा रहा है। दिवा में भाजपा पदाधिकारी २० जुलाई को ठाणे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। दिवा में भाजपा ने यही पत्र मनपा आयुक्त को दिया है।

दूषित पानी, टूटी सड़कें, गंदगी के साम्राज्य के कारण दिवा की हालत खस्ता हो गई है। जबकि गद्दार गुट के नगरसेवकों ने लोगों के सवालों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। राज्य में जबसे 'घातियों' की सरकार आई है, अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। गद्दार गुट के स्थानीय प्रतिनिधियों और प्रशासन की मिलीभगत के कारण दिवा में अवैध निर्माण बढ़ गए हैं और शहर में अव्यवस्था हो गई है। दिवा में भाजपा का आरोप है कि इस अवैध निर्माण से गद्दार गुट के ही पूर्व नगरसेवक का पेट भरा जा रहा है। दिवा भाजपा के शहर अध्यक्ष रोहिदास मुंडे ने सबूतों के साथ आयुक्त से शिकायत की है लेकिन मनपा प्रशासन द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से रोहिदास मुंडे ने रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि इन अवैध निर्माणों के लिए मनपा जिम्मेदार है।

# पालघर ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति गठित करने वाला महाराष्ट्र का पहला जिला



**पालघर :** पालघर के लोग अब प्राकृतिक आपदाओं से चट्टान बन कर टकराएंगे। जिससे जिले में चक्रवात और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को बहुत हद तक रोकने के मदद मिलेगी। पालघर ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति गठित करने वाला महाराष्ट्र का पहला जिला बन गया है। डहाणू की सहायक जिलाधिकारी संजीता महापात्रा ने बताया कि ग्रामीणों को किसी आपदा से बचने व उससे निपटने के तरीके सिखाने से गंभीर एवं अप्रिय स्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आपदा योजनाएं तैयार करने को कहा गया है, उन्हें प्राथमिक उपचार, बचाव अभियानों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि पालघर ग्रामीणों के लिए आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने वाला राज्य का पहला जिला है। तहसीलदार अभिजीत देशमुख और जिला आपदा नियंत्रण अधिकारी विवेकानंद कदम ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया जिस दौरान सहभागियों को चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के सिलसिले में तैयारी करने को कहा गया। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि शनिवार को तटीय इलाके में स्थित डहाणू तालुका में गांवों के लिए १५ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन द रेजिलिएंट फाउंडेशन के प्रशिक्षक भूपेन्द्र मिश्रा की टीम के सहयोग से किया गया था, तथा इस क्षेत्र के हर गांव में आपदा प्रबंधन समिति गठित की गइ है। समिति में सरपंच, तलाठी, ग्रामसेवक, शिक्षक, आंगनवाड़ी १ सेविका, ग्रामपंचायत सदस्य, इलेक्ट्रीशियन, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधी, आशा वर्कर सहित स्थानीय लोग शामिल है।

# नाबालिग बच्चे वाहन चलाते पकड़े गए तो माता-पिता को भरना होगा २५ हजार जुमार्ना

**मुंबई :** आए दिन आपको सड़कों पर बाइक से स्टंट करते नाबालिग बच्चे नजर आते हैं। हालांकि, नाबालिग बच्चों का वाहन चलाना अपराध है और इसके चलते वाहन मालिक को भारी चालान या ३ साल तक की जेल का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी नियम को सख्ती से लागू करने का निर्णय महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग ने लिया है। विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत, जिन माता-पिता के नाबालिग बच्चे वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उन बच्चों के माता-पिता को २५ हजार रुपए का भारी जुर्माना भरना होगा और संभावित रूप से ३ साल तक की जेल भी हो सकती है।



पिछले कुछ समय से कम उम्र के लड़कों द्वारा वाहन चलाने के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। हाल ही में पनवेल के पास एक १७ वर्षीय नाबालिग लड़के ने गाड़ी तेज रफ्तार में चलाकर सामने से आ रही कार को ठोकर मार दी थी, जिसमें तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि एक महिला गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। इस घटना के बाद परिवहन विभाग एक बार फिर सख्त हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम के इस प्रावधान को सख्ती से लागू करने का पैष्ठसला किया है। इसके तहत नाबालिग बच्चों को गाड़ी चलाते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही जुमार्ना लगाने का पैष्ठसला किया गया है। इस संदर्भ में परिवहन आयुक्त विवेक भिमनवार ने मुंबई सहित राज्य के सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को अवैध चालकों पर नकेल कसने और मोटर वाहन अधिनियम को लागू करने के प्रयास तेज करने का निर्णय लिए जाने की जानकारी दी है। इस आशय का आदेश सभी को भेज दिया गया है।




# मुंबई के कोविड सेंटर घोटाले में ईडी की कार्यवाई

# उद्धव गुट के सूरज चव्हाण से हुई पूछताछ



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव गुट) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण ने कोविड सेंटर घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रहे ईडी के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया। वह सोमवार दोपहर दक्षिण मुंबई स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। जांच एजेंसी ने व्यवसायी सुजीत पाटकर के खिलाफ कोविड सेंटर घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में 21 जून को मुंबई में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी ने चव्हाण को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था।गौरतलब है कि पाटकर को शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत का नजदीकी माना जाता है। चव्हाण अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल पर स्वयं को शिवसेना का सचिव और युवा सेना की कोर कमेटी का सदस्य बताते हैं।

### फर्जी तरीके से हासिल किए ठेके

अधिकारियों के अनुसार, चव्हाण के आवास, मुंबई नगर निकाय के कुछ अधिकारियों और आइएएस अधिकारी संजीव जयसवाल सहित अन्य के ठिकानों पर भी छापे मारे गए थे। कहा गया था कि ईडी ने छापेमारी के दौरान 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण एवं और 68 लाख रुपये की नकदी की थी। पाटकर और उनके तीन साझेदारों ने महामारी के दौरान कोविड-19 फील्ड अस्पतालों के प्रबंधन के लिए मुंबई नगर निकाय के ठेके फर्जी ढंग से हासिल किए।

### पिछले साल दर्ज हुआ था मामला

मुंबई पुलिस ने पिछले साल अगस्त में लाइफलाइन हास्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज फर्म, पाटकर और उनके तीन भागीदारों के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया था। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए मामला दर्ज किया। इस मामले में उद्धव गुट के कई बड़े चेहरे भी सामने आने संभावना है।

## 50 गायों के साथ तस्कर गिरफ्तार



**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में कुछ कमरों में बंधी हुई और ठूंस-ठूंसकर भरी हुई 50 गायों को बचाया है और इन जानवरों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार को भिवंडी तहसील के रेये गांव में एक सुनसान जगह पर स्थित परिसर में छापा मारकर गायों को बचाया।

## शैक्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

**सुजानगंज (जौनपुर)।** क्षेत्र के आशा पाल सिंह जूनियर हाई स्कूल ऊंचगांव के परिसर में वित्तविहीन शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गयी जहां पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया गया,

कार्यक्रम व्यवस्थापक/ प्रबंधक द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए बताया गया कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, वित्तविहीन परिवार ही एक ऐसा संगठन है, जो एक दूसरे के सुख-दुख में सदैव खड़ा



रहता है और खड़ा रहेगा, मुख्य अतिथि एवं संघ अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी ने बताया कि विद्यालय संचालक अपने दायित्वों का इमानदारी से निर्वहन करते हुए विद्यालय का संचालन करे, बच्चों के शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें, सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा शैक्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया,

प्रमुख वक्ताओं में डा० पी,के, सिंह,एम,पी, पटेल,पूनम सिंह,मनोज मिश्र, अखिलेश सिंह, मीडिया प्रभारी एल० सी० निषाद, कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा, निवृत्त प्रधानाचार्य इन्दु प्रकाश त्रिपाठी तथा कार्यक्रम का संचालन आलोक सिंह,ने किया,इस अवसर पर मुरारी सिंह, सुशील मिश्र,विनय शर्मा, डा० विमल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आपात काल देश के लोकतंत्र पर काला धब्बा -बी पी सरोज



**मड़ियाहूं (जौनपुर )।** आपात काल देश में लोकतंत्र के लिए एक दाग के समान था।25 जून 1975 की आधी रात को देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की जघन्य हत्या की थी। इन्होंने देश में इमरजेंसी लगाकर सारी संवैधानिक शक्तियों यहां तक न्यायपालिका को भी समाप्त कर, अपने हाथों में ले लिया और आज भी कांग्रेसी अपनी कार्यशैली से कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नही करते है।

इसका जीता जागता उदाहरण है राहुल गांधी द्वारा देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के हाथ से लेकर अध्यादेश को फाड़ देना, उक्त बातें मछलीशहर लोकसभा के सांसद बी पी सरोज ने मछलीशहर नगर के गंगा पैलेस में 25 जून को देश के लिए काला दिवस के रुप में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कहा। कार्यक्रम को मछलीशहर संगठन के जिला प्रभारी के के सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नही किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मछलीशहर के भाजपा जिलाध्यक्ष राम विलास पाल ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता भैयाराम पटेल,डा.अजय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मेहीलाल गौतम,अजय सिंह,आशा मौर्या,मीना पटेल, राकेश, संतोष जायसवाल सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिना पंजीयन के चल रहा था डायग्नोस्टिक सेंटर

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सीज

**चंदौली।** सदर एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को मुख्यालय स्थित शिवांश डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी की। इस दौरान बिना पंजीयन के ही सेंटर संचालित करते पाया गया। वहीं अन्य खामियां पायी गई। इससे सेंटर को सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

जिले में बिना पंजीकरण और नवीनीकरण कराए ही अवैध ढंग से कई निजी हास्पिटल, नर्सिंग होम, पैथोलाजी सेंटर, डायगनोस्टिक सेंटर, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन आदि संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे सेंटरों के खिलाफ बकाएदे अभियान चलाकर कार्रवाई करने का



आदेश जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने सीएमओ को दिया है। इस क्रम में सीएमओ डा. वाईके राय ने स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित की है। इस क्रम में उपजिलाधिकारी सदर दिग्विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को मुख्यालय स्थित शिवांश डायग्नोस्टिक सेंटर में छापेमार कार्रवाई की।

### मिली कई खामियां...

इस दौरान बिना पंजीकरण व नवीनीकरण के सेंटर संचालित करते पाया गया। वहीं अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन आदि का भी पंजीकरण नहीं कराया गया था। डाक्टरों का नाम व फोटो अंकित बोर्ड भी नहीं लगाया गया था। फायर सिलेंडर का भी रजिस्ट्रेशन नहं मिला। इससे सेंटर को सीज कर दिया गया। इस संबंध में सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने कहा कि बताया कि डायग्नोस्टिक सेंटर बिना पंजीकरण व नवीनीकरण के ही संचालित किया जा रहा था। व अन्य खामियां पायी गई है। इससे सेंटर को सीज करने की कार्रवाई की गई है।



नेता प्रतिपक्ष को आया मीटिंग का फेक कॉल

# राहुल गांधी के साथ दिल्ली में अर्जेंट मीटिंग के लिए व्हाट्सएप कॉल कर दिल्ली बुलाया, पुलिस को शिकायत



**भोपाल।** मोबाइल, व्हाट्सएप कॉल के जरिए ठगी के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। इन धोखेबाजों की बातों में आकर कई बार लोगों के बैंक अकाउंट से पैसे साफ कर दिए जाते हैं। इस बार मप्र के नेता प्रतिपक्ष को फेक व्हाट्स एप कॉल कर दिल्ली आने को कहा गया। व्हाट्सएप के जरिए आए कॉल के बाद नेता प्रतिपक्ष ने जब राहुल गांधी के दफ्तर में फोन किया तो पता चला कि उन्हें कोई फोन नहीं किया गया और न ही कोई मीटिंग बुलाई गई। इस मामले के बाद नेता प्रतिपक्ष ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह ने बताया कि 22 जून को व्हाट्सएप पर कॉल आया। रिसीव करने पर दूसरी तरफ से एक व्यक्ति ने कहा कि आपको 24 तारीख को दिल्ली में सोनियां गांधी और राहुल गांधी के साथ अर्जेंट मीटिंग के लिए बुलाया गया है। आप 24 को दिल्ली पहुंच जाईएगा। मैंने कहा कि व्हाट्सएप नहीं आप नॉर्मल कॉल कीजिए तो सामने वाला व्यक्ति जो खुद को राहुल गांधी का पीए बता रहा था। उसने कहा मेरे फोन टेप हो रहे हैं। उसके बाद मैने उसे वापस कॉल बैक किया तो उसने रिसीव नहीं किया। फिर मैंने राहुल गांधी के पीए को फोन लगाया। तो उन्होंने बताया कि उनके नाम से कोई फर्जी कॉल कर रहा है। इसके बाद मैंने पुलिस में शिकायत की है। अब पुलिस पता लगाएगी कि कौन इस प्रकार की हरकत कर रहा है। शुरुआती जांच में यह पता चला है कि जिस व्यक्ति ने व्हाट्सएप के जरिए कॉल किया वह पंजाब के भटिंडा का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस की शुरुआती जांच में इसकी सीडीआर भी ब्लैंक मिली है यानि वह किसी और के इंटरनेट का इस्तेमाल करके यह व्हाट्सएप कॉल कर रहा है।

## 27 जून को पीएम मोदी का भोपाल दौरा

**भोपाल।** भोपाल में वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल आएंगे। जिसके चलते 27 जून को कई रास्तों का जरूरत के अनुसार डायवर्सन रहेगा। सभी मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त गाड़ी का रास्ता सुबह 7 बजे से 12 बजे तक बदला रहेगा। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन एवं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय हेलीपैड पर जाने के लिए व्यवस्था की गई है। बागसेवनियां थाने से मानसरोवर तिराहा तक एवं बोर्ड ऑफिस चौराहे से बागसेवनियां थाना तिराहा तक आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। ये खबर आपके लिए इसलिए जरूरी, जिससे जाम में न फंसना पड़े। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तरफ आने-जाने वाली गाड़ियां सुबह 7 बजे से 12 बजे तक नहीं जा सकेंगे। प्लेटफार्म नम्बर- 1 की तरफ से स्टेशन में प्रवेश नहीं मिलेगा। सिर्फ प्लेटफार्म नम्बर- 5 से स्टेशन में प्रवेश कर सकेंगे। बोर्ड ऑफिस की तरफ से आवाजाही करने वाली गाड़ी गोविन्दपुरा टर्निंग, आईएसबीटी बस स्टैंड, सांची दुग्ध संघ, हबीबगंज स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर- 5 का इस्तेमाल कर सकेंगी।

महाकाल के गर्भगृह में 4 जुलाई से प्रवेश बंद

# श्रावण-भादौ के लिए 11 सितंबर तक रहेगी नई व्यवस्था



**उज्जैन।** महाकाल के सोमवार भस्म आरती दर्शन। आज सूखे मेवे, चंदन और भांग से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। महाकाल मंदिर के गर्भगृह में 4 जुलाई से 11 सितंबर तक यानी 70 दिन आम लोगों का प्रवेश निषेध रहेगा। रविवार को महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। हालांकि, स्थानीय लोगों को 11 जुलाई से आधार कार्ड दिखाकर अलग द्वार से मंदिर में प्रवेश मिल सकेगा। श्रावण मास में कावड़ यात्रियों को जलाभिषेक के लिए मंगलवार से शुक्रवार तक प्रवेश की व्यवस्था गेट नं. 1 और 4 से की जाएगी। लड्डू प्रसाद का रेट भी 40 रुपए बढ़ा दिया गया है। महाकाल लोक के लिए कोई शुल्क नहीं लगाया गया है। श्रावण के दौरान मंदिर क्षेत्र में नो व्हीकल जोन नियम का पालन कराया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। प्रबंध समिति की अगुवाई में 18वें श्रावण महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से 9 सितंबर तक किया जाएगा। प्रशासक संदीप सोनी के अनुसार महोत्सव में 10 शनिवार को 30 प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच दिया जाएगा। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से 9 सितंबर तक होगा। महोत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से 9 सितंबर तक होगा। महोत्सव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। आम श्रद्धालु भस्मआरती में बिना पंजीयन भी दर्शन कर सकेंगे। 4 जुलाई से चलित भस्मआरती की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु कतार में लगकर भस्मआरती के दर्शन लाभ ले सकेंगे। उन्हें आरती के दौरान मंदिर में बैठने और रुकने की अनुमति नहीं रहेगी।

# अमरनाथ के लिए निकले शनि उपासक

**इंदौर।** शनि उपासक मंडल के तत्वावधान में अमरनाथ यात्रा के लिए शहर का पहला जत्था रविवार को निजामुद्दीन एक्सप्रेस से जम्मू के लिए रवाना हुआ। गीता भवन पर जत्थे में शामिल 175 श्रद्धालुओं का गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मनोहर बाहेती एवं रामविलास राठी ने पुष्प माला, साफा और उपर्णा पहनाकर सम्मान किया और मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जत्थे में शामिल श्रद्ध?ालु और विदा करने आए लोग नाच उठे। यात्रा संयोजक प्रदीप अग्रवाल एवं मुक्तेश सोलंकी ने बताया कि 26 जून को सुबह सभी श्रद्धालु जम्मू पहुंच गए हैं। वहां से वैष्णोदेवी और शिवखोड़ी के दर्शन कर बालटाल के लिए बसों से रवाना होंगे। इस यात्रा के साथ 9 फीट ऊंचा त्रिशूल भी ले जाया जा रहा है, जो बाबा अमरनाथ को इंदौर के भक्तों की ओर से समर्पित किया जाएगा। इस त्रिशूल का पूजन खजराना गणेश मंदिर एवं रणजीत हनुमान मंदिर पर किया गया। इंदौर के यात्री पहले जत्थे के रूप में बाबा अमरनाथ के दर्शन पहले दिन 1 जुलाई को करेंगे।

राष्ट्रीय दर्जी सेना की प्रांतीय बैठक में कई फैसले

# दामोदरवंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की बहुलता वाले जिलों में चलाएंगे सदस्यता अभियान



**इंदौर।** श्री दामोदरवंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की संस्था राष्ट्रीय दर्जी सेना युवा सामाजिक संगठन की मध्य प्रदेश की बैठक नामली में आयोजित की गई। इस बैठक में इंदौर के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। प्रदेश कार्यकारिणी की इस बैठक में प्रमुख रूप से निर्णय लिया कि जिस समाज की बहुलता वाले जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद संस्था का पंजीयन शीघ्र करवाने का निर्णय भी लिया गया। गुरु महाराज टेकचंद एवं गुरु रघुवीर महाराज की आरती के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बैठक के आयोजक प्रहलाद गहलोत पलदुना ने सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सामाजिक सुझाव दिए। इसमें समस्त प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित हुई एवं संगठन का सदस्यता अभियान शुरू किया। प्रथम 27 सदस्य को दर्जी सेना का सदस्य बनाया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी के डीसी सोनगरा, कमल परमार कुक्षी, कमल पंवार, महेश सांवरिया सैलाना, डॉ. कन्हैया लाल मंदसौर, देवेंद्र सोलंकी सैलाना, पवन देवड़ा, जीवन बिलपांक, गणपत जाधव शेरपुर, वीरेन्द्र परमार धनवाड़, पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, जिला महिला अध्यक्ष ममता सोलंकी रतलाम, मनीष परमार बरमंडल, प्रदीप पंवार बदनावर, केशव गहलोत बड़नगर, सुमित पटेल पिपलोदा, ललित कुमार गहलोत नामली, जितेन्द्र सोनगरा नामली, राजेश परिहार नामली, गोपाल सोलंकी पुनर खेड़ी राजगढ़, हर्ष सोलंकी महू, मुकेश सोलंकी राजगढ़-धार, अशोक गोयल प्रीतम नगर, सतीश सोनगरा हातोद, सतीश सोलंकी पलदना, ओम प्रकाश परमार करनावद, दीपक सोलंकी इंदौर सहित कार्यकारिणी के कई सदस्य उपस्थित थे।

## 27 जून को ऐसा होगा वंदे भारत इनॉग्रेशन रन

# सीहोर, शुजालपुर, ओबेदुल्लागंज और गाडरवारा जैसे स्टेशनों पर भी रुकेगी ट्रेन



**भोपाल।** इन दिनों रानी कमलापति स्टेशन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। इसका इनॉग्रल रन 27 जून रानी कमलापति स्टेशन से किया जाएगा। यहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10.30 बजे एक साथ 2 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दौरान एक ट्रेन जबलपुर और दूसरी इंदौर के लिए रवाना होगी। इस दिन यह ट्रेने अपने मुख्य स्टॉप के अलावा गाडरवारा, श्रीधाम, ओबेदुल्लागंज, सीहोर, मक्सी, शुजालपुर आदि जैसे स्टेशनों पर हॉल्ट लेंगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मुख्य स्टौपेज के अलावा इन स्टाप पर भी ट्रेन का स्वागत एरिया के जन प्रतिनिधि एवं आम लोग करेंगे। बता दें कि इनॉग्रल रन में यह ट्रेने रानी कमलापति से जबलपुर 5 घंटे.40 मिनट में पहुंचेगी तो जबलपुर 3 घंटे 48 मिनट में इंदौर पहुंचेगी। ऋयस्क्क स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 पर प्रधानमंत्री के लिए मंच तैयार हो रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, ऋयस्क्क स्टेशन प्लेटफॉर्म 1 और 2 पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होगा। इसके लिए रेलवे ने प्लेटफॉर्म-3 का रास्ता डायवर्ट किया है। 8 ट्रेन के प्लेटफॉर्म भी कार्यक्रम वाले दिन चेंज होंगे। इसकी जानकारी रेलवे के ह्ल्ञ्जश्वस् ऐप पर दी जाएगी।

**ऐसा है फाइनल शेड्यूल :** यात्रियों के लिए इस ट्रेन का फाइनल शेड्यूल भी रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया है। फाइनल शेड्यूल के अनुसार, ट्रेन नंबर 20911-20912 भोपाल-इंदौर-भोपाल के बीच चलेगी। ट्रेन नंबर 20173-20174 ऋयस्क्क जबलपुर-ऋयस्क्क के बीच चलेगी। इंदौर से भोपाल के लिए ट्रेन सुबह 6.30 बजे रवाना होगी। भोपाल से इंदौर के लिए शाम 7.25 बजे चलेगी। भोपाल-इंदौर-भोपाल की बीच की दूरी यह ट्रेन 3.05 घंटे में पूरा करेगी। जबलपुर से रानी कमलापति के लिए ट्रेन सुबह 6 बजे चलेगी। रानी कमलापति से शाम 7 बजे जबलपुर के लिए रवाना होगी। जबलपुर-रानी कमलापति-जबलपुर का सफर 4.35 घंटे में तय करेगी। हर एक ट्रेन में 8 कोच हैं। 7 एसी चेयर कार और 1 एग्जीक्यूटिव क्लास है।

## भोपाल-इंदौर समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून ने धमाकेदार एंट्री की। 24 घंटे में बैतूल में 4 इंच से ज्यादा पानी गिरा। भोपाल, रतलाम, खंडवा, जबलपुर में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई। दमोह में तेज आंधी-पानी के बीच रविवार रात शादी का टेंट गिर गया। सात से आठ लोग घायल हो गए। ???दमोह जिला अस्पताल के डॉ. अमित कुमार ने बताया ????एक घायल को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर करना पड़ा है। शादी फंक्शन शहर में जबलपुर नाका चौकी के करीब मैरिज गार्डन में चल रहा था। नर्मदापुरम के पिपरिया में सब्जी मंडी की नालियां चोक होने से पूरे मार्केट में पानी भर गया। नर्मदापुरम के बनखेड़ी में भी पानी भर गया। भोपाल में सोमवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। बीच-बीच में बूंदाबांदी हो रही है। वहीं सागर में सागर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश होने की संभावना जताई है। इनमें सागर, नरसिंहपुर, बैतूल, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट और जबलपुर बिजली गिरने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।




# दिशा पाटनी ने किया अजब कारनामा, कारनामे का वीडियो वायरल

**दिशा** पटानी बॉलीवुड की सबसे फिट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्लाइंग किक मारते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दिशा हवा में उछलकर 360 डिग्री का किक मार रही हैं। जैसे ही क्लिप वायरल हुई, यूजर ने इस वीडियो पर इस अपने रिएक्शन देने शुरू कर दिए। जहां कुछ लोगों ने उनके फिटनेस की तारीफ की, वहीं कई लोगों ने उनके एक्स- बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ का जिक्र किया है।


वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, टाइगर श्रॉफ ने सिखाया है। दूसरे ने उन्हें फीमेल टाइगर श्रॉफ कहा है। टाइगर श्रॉफ और दिशा 6 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, लेकिन अब दोनों अलग हो गए हैं। सूत्रों की माने तो दोनों का ब्रेकअप इस साल की शुरूआत में हो गया था। पिछले करीब एक साल से दोनों के रिश्ते में उतार-चढ़ाव आ रहे थे। टाइगर और दिशा ने कभी भी ऑफिशियली अपने रिश्ते को एक्सेप्ट नहीं किया, लेकिन दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता था।



# दर्शकों के दिलों में लम्बे समय तक के लिए रहने आए कार्तिक आर्यन और अदाकारा कियारा !

**भूल** भुलैया 2 जैसी सुपरहिट फिल्म देकर दर्शकों के दिलों में बसने वाली जोड़ी कार्तिक आर्यन-कियारा आडवाणी जल्द ही सत्यप्रेम की कथा लेकर दर्शकों के सामने होगी। फिल्म सत्यप्रेम की कथा साजिद नाडियाडवाला के बैनर में बनी एक रोमांटिक मूवी है। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक वक्त पर कई सारी बॉलीवुड फिल्में बनती थीं लेकिन अब बहुत कम स्टार्स की रोमांटिक मूवीज लेकर आते हैं जिस कारण हर किसी को सत्यप्रेम की कथा का इंतजार है। फिल्म के गाने और टीजर्स दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ाने में कामयाब रहे हैं, जिस कारण हर किसी को सत्यप्रेम की कथा का इंतजार है। जूम टीवी हिन्दी के हाथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा का फर्स्ट रिएक्शन लग गया है, आइए आपको बताते हैं कि कार्तिक-कियारा की ये रोमांटिक मूवी कैसी है?

अश्विनी यार्डी ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया है कि कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की नई रोमांटिक मूवी दर्शकों के दिलों में लम्बे समय तक रहेगी। अश्विनी यार्डी के अनुसार, 'मैं सत्यप्रेम की कथा के मेकर्स को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने एक ऐसी मूवी बनाई है, जो लम्बे वक्त तक के लिए लोगों के दिलों रहेगी। यह मूवी 29 जून के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैं दर्शकों से दरख्वास्त करता हूं कि वो इस देखने के लिए पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर जाएं। यह फिल्म आपका खूब मनोरंजन करेगी।'





फिल्म सत्यप्रेम की कथा का पॉजिटिव रिएक्शन देखकर कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के फैंस खुश हो उठे हैं। फैंस का कहना है कि अब वो फर्स्ट-डे सत्यप्रेम की कथा का फर्स्ट-शो जरूर देखेंगे। फिल्म सत्यप्रेम की कथा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और अब तक इसके 12,500 टिकिट बिक चुके हैं।



# "शादी से पहले अच्छे नहीं लगते थे अजय देवगन"

**बॉलीवुड** अभिनेत्री काजोल का कहना है कि शादी से पहले उन्हें अजय देवगन अच्छे नहीं लगते थे। हलचल फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अजय के करीब आईं। वह अजय के भोलेपन का काम के प्रति उनके समर्पण की कायल हो गईं। इसके बाद दोनों में करीबियां बढ़ीं और शादी कर ली। एक किस्सा सुनाते हुए काजोल ने कहा कि शादी के बाद दोनों हनीमून पर गए। इस दौरान अजय देवगन को घर की बहुत याद आने लगी।

ऐसे में हनीमून बीच में ही छोड़कर उन्हें मुंबई जाना पड़ा। बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि शादी के बाद उनका दो बार गर्भपात हो गया। इससे वह पूरी तरह से टूट गईं थी। उन्हें इस स्थिति से निकलने के लिए काफी वक्त लगा। काजोल इन दिनों फिल्म सरजमीं की शूटिंग के लिए मनाली पहुंची हैं। काजोल का कहना है कि मोबाइल नई पीढ़ी को बबार्दी की ओर धकेल रहा है, बच्चे किताबें कम पड़ रहे हैं और मोबाइल ज्यादा देखने लगे हैं।

काजोल ने कहा कि उनके खुद के बच्चे मोबाइल छोड़ने की बात को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह जल्द मुंबई लौट जाएंगी। काजोल सरजमीं फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान तारीफ की है। कहा कि इब्राहिम अली खान को एक्टिंग की खूब समझ है। वहीं सोशल मीडिया पर काजोल ने फोटो शूट की तस्वीरें भी साझा की हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .